हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

11 शहीदों की याद में उठेगी नशे के खिलाफ आवाज...

12 जिलाभर में उल्लास व उमंग के साथ मनाया होली पर्व

खबर संक्षेप

कार-बाइक की टक्कर में युवक घायल

फतेहाबाद। भूना शहर में एक कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को भूना की सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना भूना पुलिस को दी गई है। पुलिस घायल के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई करेगी। मिली जानकारी के अनुसार, चंदन नगर के विकास कुमार उपतहसील की तरफ आया हुआ था। इसी दौरन हादसा हुआ।

कीटनाशक निगल कर की आत्महत्या

डबवाली। उपमंडल के गांव डबवाली में एक व्यक्ति ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल में भिजवा। अमरजीत सिंह बुधवार सुबह से लापता था और अचेतावस्था में भारतमाला पुल के नीचे पड़ा मिला। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान अमरजीत सिंह के रूप में की।

स्वामी तेजगिरी महाराज का निर्वाण महोत्सव 7 को

फतेहाबाद। शिवपुरी स्थित श्री श्री 1008 स्वामी तेजगिरी जी कुटिया में 7 मार्च को स्वामी तेज गिरी महाराज के निर्वाण दिवस के अवसर पर 64वां वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर विशाल सत्संग और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कुटिया परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कुटिया से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार सुबह हवन के साथ होगी।

शेरपुरा में घर में आग लगने से सामान जला

सिरसा। डिंग मंडी के गांव शेरपुरा में एक घर में अज्ञात कारणों से लग गई। आग से घर में रखे बिजली के उपकरणों सहित कीमती सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे, जिससे आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका।
गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र करतार सिंह ने बताया कि हम परिवार के लोग पास ही एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोसियों का फोन आया कि उनके घर में आग लगी हुई है।

ऑनलाइन ठगी के मामले में आरोपी दबोचा

फतेहाबाद। बैंक खाते से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी ने पीड़िता के बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 4 लाख 58 हजार 930 की राशि निकाल ली थी। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि साइबर पोर्टल पर एक शिकायत प्राप्त हुई थी। पीड़िता की बेटी ने बताया कि उनकी माता के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन माध्यम से 4 लाख 58 हजार 930 की राशि निकाल ली गई थी।

सड़क हादसे में बाइक सवार बिजली निगम कर्मी घायल

फतेहाबाद। भूना क्षेत्र में जांडली कलां से खजुरी जाटी रोड पर बाइक को टक्कर लगने से बिजली निगम का अनुबंधित कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए हिसार के प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जानकारी के अनुसार, शीनू ड्यूटी के दौरान गांव खजुरी जाटी में बिजली लाइन को संभालने के लिए गया था। इसी दौरान हादसा हुआ।

'आज बिरज में होरी रे रसिया, भजन पर झूमे श्याम भक्त

जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार, मंदिरों में हुए श्याम संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिलेभर में रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। शहर की सड़कों से लेकर गांव की गलियों में होली की धूम रही। शहर के मुख्य बाजारों में युवाओं की टोलियां बाईकों पर घूम-घूम कर एक-दूसरे को रंग लगाती नजर आई। ज्यादातर युवा बाईक पर गलियों में घूमते नजर आए। अनेक जगहों पर लोगों ने डीजे लगाकर होली उत्सव का आनंद लिया। शहर के अनेक मंदिरों में होली उत्सव पर फूलों व रंगों की वर्षा की गई। कई मंदिर में श्याम संकीर्तन भी हुए।

डीजे बजाकर लिया आनंद, युवाओं की टोलियां एक-दूसरे को रंग लगाती नजर आईं

फतेहाबाद। श्री श्याम संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करते अनिल शर्मा व श्री श्याम मंदिर में पूजा अर्चना करवाते पंडित सूरज शर्मा।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर श्री श्याम मंडल के प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. पवन हंसवाल, भीम असीजा, प्रदीप कुमार, सुनील मदान सहित काफी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

प्रसिद्ध गायकों ने भजन किए प्रस्तुत

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद में बुधवार को फाग के अवसर पर श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजन गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन के प्रारंभ में प्रसिद्ध भजन गायक अनिल शर्मा ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि सभी श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। अनिल शर्मा के अलावा कलाकार मदान, पल्लवी शर्मा, नीलांशी शर्मा, मनोज सचदेवा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक अनिल शर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्यामभक्त मदमस्त होकर झूमने लगे। अनिल शर्मा ने 'आज बिरज में होरी हैं रे रसिया, होरी-रे, होरी-रे बरजोरी रे रसिया, 'म्हाने बुलाओ बारम्बार, खाटूश्याम दरबार पर खड़ा दास' पर भक्त खूब झूमे। इसके अलावा भजन गायक मदान व पल्लवी शर्मा ने 'गली-गली बाजार में गूंजे एक ही नाम, जय श्री श्याम-जय श्री श्याम, 'फागुन के मेले में खाटू जाएंगे, श्याम प्रभु को रंग लगाएंगे, 'मुझे सपने में मिलते हैं खाटू के बाबा श्याम व 'सिर पे हमेशा तेरा हाथ रहे, जब तक जियो बाबा मेरे साथ रहे, इत्यादि भजनों पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पार्षद निलांशी शर्मा व भारत टूटेजा ने भी अपने-अपने भजन प्रस्तुत किए। होली के अवसर पर श्री श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा व सूरज शर्मा द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई।

हरियाणा भाजपा में 'शब्द युद्ध', दो दिग्गज आमने-सामने

बबली के बिगड़े बोल पर बड़ौली सख्त, कहा - पार्टी लेगी संज्ञान

- बबली ने बराला को 'कांग्रेस का एजेंट' दिया था करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद में भाजपा के दो दिग्गज नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली द्वारा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के खिलाफ की गई तीखी बयानबाजी ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में वीरवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि पार्टी इस अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी और इस पर उचित संज्ञान लिया जाएगा। बता दें कि 3 मार्च को फतेहाबाद में प्रदेश सरकार के बजट को लेकर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए सुभाष बराला पर गंभीर व्यक्तिगत हमले किए थे। बबली ने बराला को 'कांग्रेस का एजेंट' करार देते हुए यहां तक कह दिया कि उन्होंने ऑफिस बेचकर खाया है और पार्टी के साथ गद्दारी की है। बबली ने बराला की निष्ठा पर सवाल उठाते हुए चुनौती दी कि यदि उनके घर की सारी वोट कांग्रेस को न गई हों, तो वे किसी भी मंदिर में आकर कसम खा लें। उन्होंने बराला की सक्रियता को 'फोटो खिंचवाकर दुकान सजाने' की कवायद बताया। देवेंद्र बबली के इस बयान से भाजपा आलाकमान में नाराजगी साफ देखी जा रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने एक निजी चैनल से बातचीत में कहा कि यह भाजपा की कार्यप्रणाली और परंपरा का हिस्सा नहीं है। हमारे पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ इस तरह की अनर्गल बातें करना पार्टी के संविधान के खिलाफ है। देवेंद्र बबली ने पहली बार इस तरह का व्यवहार किया है और पार्टी निश्चित रूप से इस मामले का संज्ञान लेगी। फेसबुक पर दोनों गुटों के समर्थक एक-दूसरे के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। उस समय प्रैस कॉन्फ्रेंस में मौजूद भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी ने बाद में सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली। अपनी फेसबुक पोस्ट में उन्होंने देवेंद्र बबली को रायता फैलाने वाला तक कह डाला। बराला समर्थक उन्हें पार्टी का निष्ठावान सिपाही बता रहे हैं, जबकि बबली समर्थक उनके द्वारा उठाए गए सवालों को सही ठहराने में जुटे हैं।

फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली। *(फाइल फोटो)*

सुभाष बराला ने भी तोड़ी चुप्पी

इस मामले में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भी गुरुवार को चुप्पी तोड़ी है। हालांकि, उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि इस दुनिया के अंदर बहुत सारे लोग ऐसे होते हैं, जो आधारहीन होते हैं। आधारहीन लोग ही हमेशा आधारहीन बातें करते हैं, इसलिए मुझे नहीं लगता कि आधारहीन बातों का कोई जवाब देने की आवश्यकता है। समय हर सवाल का जवाब दे देगा।

सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरीं

बबली का यह बयान दो दिनों से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस बयान के बाद फतेहाबाद में भाजपा नेता भी दो गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं। बबली जब पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सुभाष बराला को आड़े हाथ ले रहे थे, उस समय भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी उनके साथ बैठे थे। भाजपा नेताओं के बीच शुरू हुई यह जंग अब सोशल मीडिया पर समर्थकों के बीच डिजिटल युद्ध में बदल गई है।

फतेहाबाद। जाखल नपा प्रधान विकास कामरा का पार्टी में स्वागत करते सांसद सुभाष बराला। *फोटो: हरिभूमि*

कांग्रेस समर्थित चेयरमैन कामरा भाजपा में शामिल

- बराला ने पहनाया पार्टी का पटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में कांग्रेस को एक ओर झटका लगा है। भट्टू व रतिया में कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति चेयरमैनों को हटाने के बाद बीजेपी ने जाखल नगरपालिका के कांग्रेस समर्थित प्रधान को भी अपने पाले में कर लिया है। जाखल में वीरवार को नगरपालिका अध्यक्ष विकास कामरा ने भाजपा का दामन थाम लिया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुभाष बराला ने स्वयं उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। दरअसल विकास कामरा के पास इसके पास कोई विकल्प नहीं था। अगर वह चेयरमैन रहना चाहते तो उनके साथ एकमात्र रास्ता भाजपा का दामन थामना था, अन्यथा उन्हें भी कुर्सी से हाथ धोना पड़ सकता था। बता दें कि पिछले कई दिनों से जाखल शहर में विकास कामरा के भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं चल रही थीं। वीरवार को इन अटकलों पर विराम लगाते हुए उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी ज्वाइन कर ली। जाखल पहुंचने पर विकास कामरा ने सुभाष बराला को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर कई कार्यकर्ताओं और वार्ड पार्षदों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

किया स्वागत

विकास कामरा का पार्टी में स्वागत करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जाखल में सरकार ने कई विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए काम करने वालों को ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है। बराला ने बताया कि जाखल के विकास से जुड़े अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि कुछ कार्य भूमि संबंधी कारणों से रुके हुए हैं, जिनका समाधान जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान सुभाष बराला का फूलों के बुके और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

लूटपाट करने में चार बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने वृद्ध महिला को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर गई लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की बालियां तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। सिरसा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खान ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान राजaस्थान के गंगानगर निवासी जीतू, जयकिशन, राजेश कुमार व आकाशदीप के रूप में हुई है। एएसपी फैसल खान ने बताया कि ऐलनाबाद क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 निवासी वृद्ध महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपने घर पर अकेली रहती है। शिकायत के अनुसार 27 फरवरी को दोपहर के समय वह घर में सो रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक घर के सामने पहुंचे, जिनमें से तीन युवक घर के अंदर घुस गए। आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसके कानों से सोने की बालियां छीन लीं।

सिरसा। लूटपाट मामले में गिरफ्तार आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

ढाणी बीन्जा लाम्बा में छापा जुआ खेलते 10 गिरफ्तार

फतेहाबाद। गांव ढाणी बिन्जा लाम्बा में एक मकान पर थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने रेड कर ताश के माध्यम से जुआ खेलते हुए 10 व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते तथा 29,925 की जुआ राशि बरामद की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि उपनिरीक्षक अमित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ अपराध जांच के लिए बस अड्डा ढाणी बिन्जा लाम्बा क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि रामनिवास निवासी ढाणी बिन्जा लाम्बा अपने रिहायशी मकान में कुछ व्यक्तियों के साथ ताश के माध्यम से पैसे लगाकर जुआ खेल रहा है। सूचना के आधार पर सर्च वारंट प्राप्त कर पुलिस टीम ने बताए गए मकान पर रेड की।

10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पुलिस सतर्क

- प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर, सुरक्षित, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सीबीएसई और एचबीएसई की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर फतेहाबाद पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा अवधि के दौरान जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष पुलिस ड्यूटी तैनात की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में तैयार सुरक्षा योजना के तहत 11 अप्रैल तक जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गई है। जिले मे प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल, पीसीआर एवं राइडर टीमें तैनात रहेंगी। साथ ही, नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों एवं यातायात अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस द्वारा सघन गश्त की जाएगी। आवश्यकता पडऩे पर यातायात मार्गों में अस्थायी परिवर्तन भी किए जाएंगे।

एसपी सिद्धांत जैन।

परिवार का आरोप-समर्थक गाड़ियों व ट्रैक्टरों से घर के आगे चक्कर लगा रहे

सरपंच संजय खिलेरी को पद से किया था सस्पेंड

खाराखेड़ी में गांव छोड़ने को मजबूर एससी परिवार, बोले- 6 महीने से दहशत में जी रहे, पूर्व-सरपंच पर करवाया था केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नेशनल हाईवे 9 पर स्थित गांव खाराखेड़ी से अनुसूचित जाति का एक परिवार पलायन को मजबूर हो गया है। परिवार के सदस्य अब गांव छोडक़र हिसार जिले के बरवाला में जाकर रहेंगे। ग्रामीणों ने परिवार से गांव नहीं छोडऩे का भी आग्रह किया है, मगर डर इतना है कि परिवार गांव में रहने से झिझक रहा है। दरअसल, परिवार के मुखिया सुखदेव को छह महीने पहले अगस्त 2025 में किडनैप कर लिया गया था। उसके साथ मारपीट की गई और जातिसूचक गालियां दी गई। मामले में गांव खाराखेड़ी के तत्कालीन सरपंच संजय खिलेरी समेत 4 लोगों पर केस दर्ज हुआ था। इस मामले में सरपंच को गिरफ्तारी के बाद जेल भी हुई। बाद में उसे सरपंच पद से सस्पेंड कर दिया गया था। परिवार के अनुसार, एक सप्ताह पहले 25 फरवरी को पूर्व सरपंच जमानत पर जेल से बाहर आ गया है। परिवार का आरोप है कि जिस दिन जमानत पर आया उस दिन 15 गाडिय़ां घर के आगे से निकाल कर ले गए। अब पूर्व सरपंच के समर्थक गाडिय़ां लेकर उनकी गली में चक्कर काट रहे हैं। ट्रैक्टर पर ऊंची आवाज में गाने बजाकर घर के आगे से निकलते हैं। इससे उनमें डर का माहौल बना हुआ है।

फतेहाबाद। घर से ट्रक में सामान लोड करते परिवार के लोग। *फोटो: हरिभूमि*

बड़ोपल पुलिस चौकी में भी दी हुई है शिकायत

सुखदेव की ओर से पूर्व सरपंच के जेल जाने के बाद बड़ोपल पुलिस चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत दी गई। जिसमें बताया गया कि आरोपी पूर्व सरपंच के परिजन व रिश्तेदार उन्हें जान से मरवाने की धमकियां देते हैं। उन्हें डर है कि उसका फिर से किडनैप हो सकता है।

ये है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, तत्कालीन सरपंच संजय की ढाणी से 15 लाख रुपए चोरी हो गए थ। आरोप है कि इसी बात को लेकर सुखदेव पर शक जताया गया। इसी शक के चलते संजय व उसके साथी सुखदेव को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक गालियां दी। बाद में सुखदेव को बस स्टैंड के पास छोड़ गए थे। इसके बाद सुखदेव की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने तत्कालीन सरपंच संजय और उसके तीन साथियों गांव धांगड़ के सौरभ, गांव खाराखेड़ी के अजीत व अनिल पर अपहरण, मारपीट व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। कुछ दिन बाद संजय की गिरफ्तारी हुई। उसे हिसार जेल भेज दिया गया। सरपंच संजय की गिरफ्तारी के बाद मामले में संज्ञान लेते हुए तत्कालीन डीसी मनदीप कौर ने इन आरोपों के चलते उसे सरपंच पद से सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद पंचों में से कार्यवाहक सरपंच का चुनाव किया गया। बंसीलाल खिचड़ को कार्यवाहक सरपंच बनाकर ग्राम पंचायत का कामकाज चलाने की जिम्मेदारी दी गई थी।

गांव में खुद का घर व तीन एकड़ जमीन

इस परिवार में मुखिया सुखदेव के साथ-साथ उसकी पत्नी, बेटा राजू, पुत्रवधू और तीन बच्चे शामिल हैं। इनका परिवार गांव खाराखेड़ी की ढाणी में रहता है। अब यह परिवार सुखदेव के बड़े भाई रोशनलाल के पास बरवाला में किराए पर रहकर गुजारा करेगा। हालांकि, गांव खाराखेड़ी में परिवार का खुद का घर और तीन एकड़ जमीन भी है। सुखदेव के बेटे राजू ने बताया कि वह मजदूरी करता है जबकि उसके पिता मेडिकल की दुकान पर काम करते थे। मगर 6 महीने से दोनों बाप-बेटे कामकाज छोड़कर घर ही बैठे हुए हैं।

यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी

बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।

ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।

स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा

12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।

बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

गुजरती है 12 राज्यों से: हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी: बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज

कहानी

सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

सॉरी दादा जी!



एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता

राजा चौरसिया

एआई इमेज

हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-194 का उत्तर : 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?

उत्तर: 3

रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।

खबर संक्षेप

भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए प्लॉट आवंटन 18 को

सिरसा। गांव देसूजोधा में 27 भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए प्लॉटों का आवंटन आगामी 18 मार्च को किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्यकारी अभियंता, आरएम तथा एसआर मंडल, बीबीएमबी, नंगल टाउनशिप की उपस्थिति में की जाएगी। प्लाटों के आवंटन की यह प्रक्रिया आगामी 18 मार्च को गांव देसूजोधा, तहसील डबवाली में आयोजित की जाएगी। विभाग की ओर से सभी संबंधित भाखड़ा बांध विस्थापितों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर गांव देसूजोधा में भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए आरक्षित आबादी क्षेत्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

लोक अदालत को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज.सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित एडीआर सेंटर में आमजन को आगामी 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में अवगत करवाया व विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर रिटेनर एडवोकेट अनीता और पैनल एडवोकेट रामबीर सिंह ने आमजन को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटारा सरल प्रक्रिया से किया जा सकता है।

गोमाता की पूजा कर मनाया जयदेव दाधीच का जन्मदिन

ओढां। गांव ओढ़ा में स्थित बेसहारा गोमाता अस्पताल में वीरवार को शास्त्री जयदेव दाधीच का 39वां जन्मदिन भक्तों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गोमाता की पूजा-अर्चना की गई और सभी ने मिलकर गोसेवा का संकल्प लिया। भक्तों ने शास्त्री जयदेव दाधीच को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। शास्त्री जयदेव दाधीच ने सभी भक्तों का प्रेम और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें गोमाता की कृपा से जन्मदिन पर अपार प्रेम मिला है, जिसके लिए वे सभी के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि गोमाता का आशीर्वाद जीवन को सुख और शांति से भर देता है।

नंबरदार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

सिरसा। नंबरदार एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत सिंह ने बताया कि इससे पहले नंबरदारों की टाउन पार्क में बैठक हुई, जिसमें लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद सभी नंबरदार एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा के कार्यालय में पहुंचे और अपनी मांगों के संबंध में बातचीत की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व जिला प्रधान हरफूल सिंह, बाग चंद नंबरदार, युधिष्ठिर गोदारा, होशियारचंद जिला उपप्रधान, अमीरचंद , रणबीर सिंह, रामकुमार, जगराज सिंह, ओमप्रकाश, सरदूल सिंह, राजेंद्र कुमार, सरणजीत सिंह भंगू सहित अन्य नंबरदार उपस्थित थे।

निगरानी समिति की बैठक आज

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा 6 मार्च को पंचायत भवन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इससे पहले वह सुबह 9:30 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सिरसा में आमजन से मुलाकात कर लोगों की समस्याएं सुनेंगी। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसमें जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कुमारी सैलजा 6 मार्च को दोपहर 3 बजे जींद के डीआरडीए हॉल में आयोजित दिशा की बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

संत-महात्मा और सामाजिक संस्थाएं युवाओं को देंगे नशा छोड़ने का संदेश

शहीदों की याद में उठेगी नशे के खिलाफ आवाज, 23 को निकलेगी विशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

युवा हमारे देश की असली सम्पति है लेकिन आज युवा पीढ़ी पर सबसे बड़ा खतरा समाज में बढ़ती नशे की प्रवृति है। नशा हमारे युवाओं के साथ-साथ हमारे परिवार व समाज को भी खोखला रहा रहा है। युवाओं को जागरूक कर इस दलदल से बाहर निकालना बेहद जरूरी है। इसी को लेकर प्रयासरत महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर एक नशे के खिलाफ फतेहाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह बात महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

भवानी सिंह ने बताया कि 23 मार्च को अनाज मण्डी शैड के नीचे 'शहीदों की याद में नशे के खिलाफ विशाल यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से अनेक संत-महात्मा, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। डेरा बाबा भूमण शाह संगर साधा से बाबा ब्रह्मदास जी, विचार आश्रम मंदिर फतेहाबाद से संत विज्ञान प्रेमानंद जी, माता सत्यम देवा जी सहित ढिंगसरा, खैरातीखेड़ा, बनगांव आदि से भी अनेक संत-महात्मा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा सांसद अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, आईसीएस से परिमल कुमार, फतेहाबाद के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एएसपी सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं को भी निमंत्रण दिया गया है। इस दौरान संत-महात्माओं की अगुवाई में नशे के खिलाफ विशाल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा अनाज मण्डी से शुरू होगी और लघु सचिवालय के बाहर स्थित शहीद स्मारक पर इसका समापन होगा।

भवानी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर उन्हें नशे से दूर करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट द्वारा शहीद भगत सिंह-राजगुरू व सुखदेव की शहादत पर एक नाटक तैयार करवाया जा रहा है। नाटक के माध्यम से दिखाया जाएगा कि कैसे शहीद भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में ही देश के लिए अपनी शहादत दे दी थी लेकिन आज का युवा किस तरह नशे की दलदल में धंसकर देश के विकास में बाधा बन रहा है। इस नाटक में शहीद भगत सिंह युवाओं से बातचीत कर उन्हें नशे से दूर करने का संकल्प दिलवाएंगे। नाटक में नशे से पीड़ित युवाओं के परिवार के हाल को दिखाया जाएगा। गीतों के माध्यम से युवाओं को युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा देश के लिए शहीद होने वाले युवाओं के परिवारों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट द्वारा इन परिवारों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों द्वारा हस्ताक्षर किए गए मांग पत्र को प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा, जिसमें मांग की जाएगी कि नशा का कारोबार करने वालों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज किया जाए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच मोहन गढ़वाल अकांवाली, सरपंच जोगिन्द्र सिंह कुकड़ांवाली, विकास कम्बोज सरपंच बरसीन, महेन्द्र मारस्टर, कर्ण सरपंच हिजरावां कलां, सरपंच धर्मपाल अहलीसदर, अशोक अलीका, कुलदीप हिजरावां, माही मालिया, रवि भाकर, डॉ. गगनदीप, हरीश बंसल, कृष्ण पारचा, गुरदीप अयाल्की, राजेन्द्र ठाकुर सहनाल, मनप्रीत भिरड़ाना, भुल्लर सिंह हिजरावां कलां, ललित कुमार गांधी सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

सिरसा। डीसी को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

धान खरीद में गड़बड़ी की जांच के लिए बनी कमेटी से नाखुश किसानों ने सौंपा ज्ञापन

धान घोटाले के आरोपियों को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला की फग्गू अनाज मंडी में धान खरीद में किसानों के साथ हुई गड़बड़ी की जांच के लिए बनी कमेटी से नाखुश किसानों ने वीरवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। बीकेई के प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि फग्गू अनाज मंडी में किसानों से धान खरीदी के समय नमी के नाम पर 10 से 20 किलो प्रति क्विंटल काट ली गई, जिसकी शिकायत उपायुक्त से की गई थी। किसानों का आरोप था कि प्राइवेट शेलर मालिक धान की नमी की जांच अपने प्राइवेट मॉइश्चर मीटर से कर रहे थे। फग्गू मंडी में धान की खरीद सरकारी खरीद एजेंसी वेयर हाउस को दी गई थी, जो मिलिंग के लिए धान प्राइवेट सेलरों में लगा रही थी, लेकिन डीएम वेयरहाउस ने राइस शेलर मालिकों और आढ़तियों को किसानों को लूटने के लिए खुली छूट दे रखी थी। सरकारी खरीद एजेंसी और मार्केट कमेटी कालांवाली का कोई अधिकारी/कर्मचारी फगू मंडी में नहीं था, उसी समय किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव और वेयरहाउस के परचेजर को बुलाया तो पाया गया कि सरकारी मशीन से धान की नमी 21.3 आई व शैलर वाली मशीन पर नमी 28.7 दर्शाई गई।

किसान नेताओं के आरोप

किसान नेता औलख का आरोप है कि एसडीएम कालांवाली और डीएफएससी इन्हें बचाने में लगे हुए हैं फगू अनाज मंडी में 1.32 लाख क्विंटल के लगभग धान की खरीद हुई है। किसान नेताओं ने उपायुक्त से मांग की है कि किसानों को न्याय दिलाया जाए और धान खरीद लूट में शामिल डीएम वेयरहाउस सिरसा, मार्केट कमेटी सचिव कालांवाली राईस शेलर मालिकों और आढ़तियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए।

हरियाणा में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नाथूसरी चौपटा को मिला पहला स्थान

- समारोह में शिक्षा मंत्री और खेल मंत्री ने संस्थान को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

सिरसा। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बहुतकनीकी संस्थान चोपटा के प्रधानाचार्य को चेक भेंट करते। फोटो : हरिभूमि

नाथूसरी चौपटा स्थित चौधरी देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास और बेहतर प्लेसमेंट रिकॉर्ड के आधार पर हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और खेल मंत्री गौरव गौतम ने संस्थान को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह प्रशस्ति पत्र अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, महानिदेशक प्रभजोत सिंह, निदेशक यशपाल बेरवाल तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। संस्थान की ओर से यह सम्मान प्रधानाचार्य विवेक वोहरा और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी राजकुमार दास ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विवेक वोहरा ने बताया कि यह सम्मान संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, सुदृढ़ औद्योगिक संबंधों और विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए दिया गया है। संस्थान ने लगभग शत-प्रतिशत दाखिले के साथ शानदार प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी दर्ज किया है, जो उद्योग जगत में इसकी विश्वसनीयता को दर्शाता है।

विद्यार्थियों को बधाई दी

बेहतर प्रयोगशालाएं, अनुभवी शिक्षक और मेहनती छात्रों के तालमेल ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। वर्तमान में संस्थान में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की शाखाएं संचालित हो रही हैं। यह सम्मान शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार राशि का उपयोग विद्यार्थियों के कौशल विकास को और मजबूत बनाने तथा रोजगार उन्मुख तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने में किया जाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान न केवल संस्थान बल्कि पूरे सिरसा जिले के लिए गर्व का विषय है।

अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ निभाएं अपनी ड्यूटीः नगराधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- जनगणना-2027 के पहले चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस को लेकर कार्यशाला
- डिजिटल माध्यम से की जाएगी जनगणना

जनगणना-2027 के पहले चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस को लेकर वीरवार को स्थानीय सीडीएलयू सिरसा के टैगोर भवन के सभागार में जनगणना से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगराधीश अजय सिंह, डीआरओ संजय बिश्नोई, जिला सांख्यिकी अधिकारी अमिता सिंह, ललित कुमार, अजय, सुनील सहित तहसीलदार, नगर परिषद व नगर पालिका के सचिव, जनगणना लिपिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन डिविजनल ट्रेनर राधा रमण, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने जनगणना से जुड़े पहलुओं पर बारीकी से जानकारी दी। नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि देश के विकास और उन्नति के लिए जनगणना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के आधार पर ही रिसर्च, प्लानिंग आदि व्यवस्थाओं का आधार मानकर ही कार्य किया जा जाता है। वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी और अब इस वर्ष से जनगणना की जाएगी। अबकी बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। इसलिए इस कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और इसे समयबद्ध एवं त्रुटिहीन रूप से संपन्न करें। डिविजनल ट्रेनर राधा रमण ने कहा कि जनगणना से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा विभिन्न संसाधनों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। जनगणना को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण को अच्छे प्राप्त करें। यदि कोई समस्या आ रही है तो प्रशिक्षक से जरूर पूछें। इस राष्ट्रीय दायित्व को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ निभाएं।

डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने कहा कि यह प्रक्रिया सीधे तौर पर केंद्र सरकार की निगरानी में है और भविष्य की सभी सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का मुख्य आधार बनेगी। डेटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। फील्ड स्टाफ को किसी भी तकनीकी या व्यावहारिक समस्या के समाधान हेतु तुरंत अपने सुपरवाइजर सहित अन्य जिला अधिकारियों से संपर्क करने की छूट है।

महिला पॉलिटेक्निक को मिला सम्मान, प्रदेश में तीसरा स्थान

सिरसा। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वुमेन सिरसा ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को हरियाणा के 37 पॉलिटेक्निक कॉलेजों में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए बेस्ट पॉलिटेक्निक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड संस्थान को तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों को उद्योगों से जुड़ी उपयोगी स्किल्स प्रदान करने के लिए दिया गया है। कॉलेज की प्रिंसिपल मंजू गेरा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान संस्थान के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान आगे भी तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता बनाए रखने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर देने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

सिरसा। महिला बहुतकनीकी संस्थान सिरसा की प्रधानाचार्य को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री।

कथा में धर्म की रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

ओढां। गांव घुकांवाली में स्थित डेरा बाबा सेवादास में जारी श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक सुरेंद्र शिवा गिरी ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित जनसमूह को धर्म की रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवन में आत्मसात कर संस्कारों को बचाना ही धर्म की वास्तविक सेवा है। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. महेंद्र गोदारा, बाबू सिंह, कालू सिंह, शंकर लाल, सुभाष कुमार और निर्मल सिंह ने बताया कि गद्दीनशीन संत प्रेमदास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक महाकुंभमें निजधाम दौलतपुर से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक सुरेंद्र शिवा गिरी ने व्यासपीठ से ज्ञान की अमृत वर्षा की। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। डेरा के गद्दीनशीन संत प्रेमदास महाराज ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह ने बताया कि समय-समय पर प्रभु कृपा से ऐसे धार्मिक आयोजन जारी रहेंगे। इस अवसर पर संजय सिहाग अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड ओढा, सुल्तान सिंह गढ़वाल, राय सिंह सिहाग, हरनेक सिंह पूनियां, फ़क़ीर चंद गोदरा, हरमोहन सिंह धालीवाल सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पुराना विद्युत पोल हटाया जाए, स्ट्रीट लाइट करें दुरुस्तः रमेश मेहता

सिरसा। शहर के वार्ड नंबर 3 के पार्षद रमेश मैहता ने वीरवार को जिला प्रशासन को शहर की जनहित की विद्युत पोल संबंधी गम्भीर समस्या, जिसकी वजह से अनेकों घटनाएं घट चुकी हैं। पार्षद रमेश मेहता ने बताया कि अक्सर यह देखा गया है कि बिजली बोर्ड द्वारा लगभग दो वर्ष से नए मीटर, खंभे व तार लगाई जा रही है, परन्तु पुराने मीटर, खंभे अभी भी लगे हैं और उन पर लगे हुए मीटर, केबल इत्यादि भी लगे हैं, जबकि नए खंभे लगा दिए और लाइट उनसे चालू की गई। कुछ खंभे सडकों पर दो-दो वर्ष से पड़े हैं, जिनका कुछ नहीं किया गया। इसके अलावा पिछले सात-आठ वर्षों से जो पुराने खंभे लगे हैं, उनमें वार्ड नंबर 3 के अलावा शहर के अन्य वार्डों में नए खंभे लगाने के बावजूद भी पुराने खंभों को हटाया नहीं गया और सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा नगर परिषद् की स्ट्रीट लाईट एवं अर्थ वायर को खुर्द-बुर्द कर दिया गया, जिस कारण काफी गलियों में अंधेरा छाया हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि विभाग द्वारा कागजों में इन खंभों को हटा दिया है और इसका भुगतान भी संबंधित ठेकेदार को कर दिया गया है। इसके अलावा मीटर और तारें भी हटाने बाबत भुगतान ठेकेदार को दे दिया गया है। नए खंभे लगाने में यह देखा गया है कि उसमें स्ट्रीट लाईट का अलग से जो प्रावधान है, वह कनेक्टर भी नहीं लगाया गया।

राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

सिरसा। जिला सिरसा में आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से महिला सशक्तिकरण से जुड़ी अनेक प्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी व सैंड आर्ट शो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई देगी वहीं 150 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां आम लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।

पर्यावरण ही मानव के जीवन का आधारः रणजीत टक्कर

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के थीम यूथ फॉर माई भारत और यूथ फॉर सतत विकास के अंतर्गत पांचवें दिन की साफ-सफाई से की गई। मुख्य वक्ता समाज सेवी रणजीत सिंह टक्कर ने कहा कि पर्यावरण का मतलब है, हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक और अजैविक तत्वों का समूह। यह मानव जीवन का आधार है। पर्यावरण में हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, वन्य जीवन, और अन्य जीवित प्राणी शामिल हैं। पर्यावरण को तीन भागों में बांटा गया है-भौतिक पर्यावरण, जैविक पर्यावरण, सामाजिक पर्यावरण। पर्यावरण संरक्षण के लिए कई गतिविधियां की जा सकती हैं, जैसे पेड़ों को लगाना, पेड़ों की कटाई को सीमित करना, हानिकारक गतिविधियों या प्रदूषण को कम करना, सामुदायिक उद्यान बनाना, क्षरित क्षेत्रों को बहाल करना, अधिक टिकाऊ उत्पाद खरीदना, घर के कचरे को सही तरीके से अलग करना, आदि शामिल है।

डॉ. निशा गुप्ता ने रचा इतिहास खोजी नई वैज्ञानिक तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की डॉ. निशा गुप्ता ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. निशा ने लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी शोध का विषय विद्युत-रासायनिक तकनीक के माध्यम से भारी धातुओं के अपदूषण के लिए पॉलिअनिलिन आधारित त्रिघटक नैनो-संयुग्मों का संश्लेषण था।

डॉ. निशा ने अपने शोध में पॉलिअनिलिन आधारित त्रिघटक नैनो-संयुग्मों का निर्माण कर विद्युत-रासायनिक विधि के माध्यम से भारी धातुओं को हटाने की नई पद्धति प्रस्तुत की है। उनके द्वारा विकसित की गई विशेष नैनो-संयुग्म प्रौद्योगिकी पानी को शुद्ध करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में औद्योगिक प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में क्रांतिकारी भूमिका निभा सकती है।

योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य

मातृशक्ति उद्यमिता योजना, महिलाओं को 3 लाख रुपये तक ऋण सुविधा, 7% ब्याज सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना जिले की महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। मातृशक्ति उद्यमिता योजना भी इसी दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

व्यवसाय शुरू करने में मिलती सहायता

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 3 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण पर 7 प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे महिलाओं को कम लागत पर अपना व्यवसाय प्रारंभ करने में सहायता मिलती है। महिलाएं इस राशि का उपयोग सिलाई-कढ़ाई केंद्र, बुटीक, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, किराना स्टोर, फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प, लघु उद्योग या अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में कर सकती हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदिका हरियाणा की स्थायी निवासी हो तथा उसकी वार्षिक पारिवारिक आय 5 लाख रुपये या उससे कम होनी अनिवार्य है। साथ ही, महिला किसी भी पूर्व ऋण मामले में डिफॉल्टर नहीं होनी चाहिए।

जिले में लोगों ने उल्लास व उमंग के साथ मनाया रंगों का त्योहार

श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा संग खेली फूलों की होली, मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में बुधवार को होली पर्व उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा होली मिलन समारोहों का आयोजन किया गया। खासकर युवाओं व बच्चों में उमंग व जोश देखा गया। एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। पुलिस प्रशासन की हुड़दंगबाजों पर पैनी नजर रही। चौक-चौराहों पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। सिरसा के श्याम बगीची, तारा बाबा कुटिया, प्रेम नगर स्थित बद्रीनाथ मंदि सहित अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया।

सिरसा। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाते लोग तथा श्री श्याम बगीची धाम में भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

तिलक लगाकर दी बधाई

सिरसा के एसपी आवास पर भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी जवानों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीजे व ढोल की धुन पर अधिकारियों एवं जवानों ने एक-दूसरे के साथ रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में एएसपी फैसल खान, प्रशिक्षु आईपीएस शिवम यादव, डीसीपी संजीव बल्हारा सहित जिला के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण पूरी तरह उत्साह, उमंग और पारिवारिक सौहार्द से ओत-प्रोत रहा।

होली की रही धूम

सिरसा। अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में होली महोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने फू लों व गुलाल के साथ होली खेली।

बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि सुबह मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व धनंजय शर्मा ने बाबा श्याम को तिलक लगाकर होली पर्व का शुभारंभ किया। उसके बाद पुजारियों ने मंदिर में आने वाले सभी श्याम भक्तों को तिलक लगाया। सभी श्याम भक्तों ने हेली के भजनों पर फूलों व गुलाल के साथ होली खेली। श्रद्धालुओं ने फूल, इत्र व गुलाल लगाकर होली मनाई। श्रद्धालुओं भजनों पर जमकर नृत्य किया।

होली के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

सिरसा। सनातन धर्म मंदिर में प्राचीन श्री श्याम मंदिर के सौजन्य से होली पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सांवरिया के सेवादार ताली कीर्तन संघ और बस सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। भजन संकीर्तन की शुरुआत श्री गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद भक्तों ने रंग बरसे श्याम के दरबार और फाल्गुन आयो रे जैसे भजनों पर जमकर नृत्य किया। ढोलक, मंजीरों व चंग की थाप पर श्याम प्रेमी भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

केशव पार्क समिति ने धूमधाम से मनाई होली

सिरसा। स्थानीय हुडा सेक्टर की केशव पार्क समिति ने होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया। आलोक स्वामी आनंदम ने दीप प्रज्जवलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेली। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में अपनों का प्यार बनाए रखे, आपसी भाईचारा बढ़े और हर व्यक्ति राष्ट्र निर्माण भावना से प्रेरित होकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि होली पर्व सामुदायिक सद्भाव और मेल-मिलाप का जीवंत उदाहरण है।

भूना। फाग उत्सव में महिला चुन्नी और रस्सी से बने कोरड़े से अपने देवर पर वार करती हुई। फोटो : हरिभूमि

बैजलपुर में 22 साल से फाग उत्सव पर कोरड़ा मार होली की परंपरा

- सार्वजनिक चौक में तीन दिन चलता है उत्सव, अब तक 84 जोड़ियां ले चुकी हैं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

हरियाणा की लोक संस्कृति की अनूठी झलक बैजलपुर गांव में देखने को मिलती है, जहां पिछले 22 वर्षों से लगातार फाग उत्सव मनाया जा रहा है। गांव के सार्वजनिक चौक में तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव में देवर-भाभी की कोरड़ा मार होली मुख्य आकर्षण रहती है। बुधवार से शुरू हुए इस आयोजन में वीरवार तक 84 देवर-भाभी की जोडिय़ां कोरड़ा होली में हिस्सा ले चुकी हैं। आयोजन के अंत में विजेता जोडिय़ों को सम्मानित किया जाएगा।गांव में सामूहिक फाग उत्सव की शुरुआत वर्ष 2004 में हुई थी। उस समय हवलदार सतबीर सिंह झाझडिय़ा, मास्टर रोहताश भाखर और धर्मवीर कादियान के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई थी। इसका उद्देश्य होली के दौरान होने वाले झगड़ों को खत्म करना और गांव में भाईचारा कायम रखना था। पहले गांव के अलग-अलग मोहल्लों में होली खेली जाती थी, जिससे अक्सर विवाद हो जाते थे। लेकिन सार्वजनिक चौक में सामूहिक होली शुरू होने के बाद माहौल बदल गया और गांव में आपसी सौहार्द बढ़ा।फाग उत्सव कमेटी के प्रधान सतबीर सिंह झाझडिय़ा के नेतृत्व में गांव के कई सदस्य आयोजन की व्यवस्था संभाल रहे हैं। इनमें रणसिंह ओला, बलवान सिंह, धर्मबीर सिंह, जसबीर ओला, विकास मावलिया, जगदीश चंद्र व अन्य मौजूद रहे।

महिलाएं कोरड़े से मारती हैं, देवर पानी डालते हैं

फाग उत्सव के दौरान देवर-भाभी की कोरड़ा मार होली सबसे खास मानी जाती है। गांव के सार्वजनिक चौक में सैकड़ों लोग एकत्रित होकर इस अनोखी परंपरा को देखते हैं। यहां लोहे की बड़ी कढ़ाई में पानी भरा जाता है और आसपास पानी के टैंकर भी रखे जाते हैं। विवाहित महिलाएं चुन्नी और रस्सी से बने कोरड़े से अपने देवरों पर वार करती हैं, जबकि युवक कढ़ाई से पानी निकालकर महिलाओं पर डालते हैं। ग्रामीण इलाकों में होली के बाद फाग उत्सव का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस दिन गांव की गलियों में उत्साह और मस्ती का माहौल रहता है। बैजलपुर में हर साल मजबूत रस्सियों से बनी कोरड़ों से युवकों की पिटाई देखने को मिलती है, जिसे लोग त्योहार की परंपरा और मनोरंजन का हिस्सा मानते हैं। उत्सव के अंत में सबसे दमखम दिखाने वाली देवर-भाभी की जोड़ी को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाता है। फाग उत्सव कमेटी के प्रधान सतबीर सिंह झाझडिय़ा के अनुसार 22 साल पहले गांव के सामाजिक लोगों ने होली के दौरान बिगड़ते भाईचारे को बचाने और पानी की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से सामूहिक कोरड़ा मार होली की शुरुआत की थी।

सत्य की विजय का प्रतीक है होली : साध्वी चंडा भारती

सिरसा। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की हुड्डा शाखा ने होली पर्व पर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया। साप्ताहिक सत्संग में साध्वी चंडा भारती ने कहा कि भारत पर्व एवं त्योहारों की भूमि है। प्रत्येक पर्व एवं त्यौहार हम सभी को कुछ आध्यात्मिक संदेश देते हैं, ताकि हम अपने जीवन को सकारात्मक एवं मानवीय मूल्यों के अनुकूल बना पाए। उन्होंने कहा कि बाहरी रूप से पर्वों एवं त्योहारों को मनाना अच्छा है, लेकिन हम इनके आध्यात्मिक मर्म को समझकर अपने जीवन में उतार लें तो इनको मानना निश्चित ही हमारे लिए आत्म उन्नति के मार्ग को खोलने के लिए एक सूत्र बन जाएगा। होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आत्मा की पवित्रता और सत्य की विजय का प्रतीक है। होली की कथा बताती है कि हिरण्यकशिपु ने विष्णु के उपासक प्रह्लाद को अनेक यातनाएं दी, परंतु ईश्वर की भक्ति के कारण उसका बाल भी बांका न हुआ। अंत में हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को बुलाया, जिसे अग्नि में न जलने का वरदान था।

सांसद ने अपेक्स कॉलेज में क्षेत्रवासियों के साथ मनाया त्योहार

टोहाना। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना के डांगरा रोड स्थित अपेक्स कॉलेज में क्षेत्र के नागरिकों के साथ होली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद सुभाष बराला ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने और समाज में एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं सदैव लोगों को जोडने का कार्य करती हैं और ऐसे पर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करें तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी सांसद के साथ होली का पर्व मनाते हुए एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं।

पेस्टीसाइड यूनियन ने खूब लगाया रंग

फतेहाबाद। पेस्टीसाईड यूनियन फतेहाबाद द्वारा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान मंगत मित्तल के प्रतिष्ठान पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और गले मिले। इस अवसर पर पेस्टीसाईड यूनियन फतेहाबाद के संरक्षक नरेश तनेजा टीटू व मंगत मित्तल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पावन पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि हमें होली जैसे त्योहारों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और समाज में सकारात्मकता का संदेश फैलाना चाहिए। होली के अवसर पर हमें पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक नई शुरुआत करनी चाहिए। इस मौके पर अशोक कम्बोज, जगबीर गढ़वाल, सज्जन कुमार, नरेश कुमार, रमेश सिंगला सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ट्यूबवेल की केबल चोरी करने का आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। ट्यूबवेल की केबल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सतपाल सिंह पुत्र हरभजन सिंह निवासी हांसपुर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। उसके खेत में लगी ट्यूबवेल से करीब 5-6 दिन पहले लगभग 50 फुट केबल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। शिकायतकर्ता ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, जिसके बाद उसे जानकारी मिली कि उसके खेत से ट्यूबवेल की केबल सुरजीत ने चोरी की है।

रेलवे कॉलोनी में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जाखल। थाना जाखल पुलिस ने रेलवे कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए गिरोह के छठे सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अनमोल सिंह उर्फ ज्ञानी पुत्र हरविंदर सिंह निवासी भूदनपुर, टोहाना के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश ने बताया कि रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर तैनात अमरेंद्र कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि अक्टूबर 2023 में जब वह अपने गांव बिहार गए हुए थे, तब पीछे से उनके रेलवे क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरी कर ली।

इग्नू में री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 मार्च

फतेहाबाद। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2026 सत्र के लिए नए एडमिशन और री-रजिस्ट्रेशन 200 रुपये की लेट फीस के साथ की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अब 15 मार्च तक अप्लाई कर सकते हैं। इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि इस तारीख तक स्टूडेंट्स ओपन और डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड में उपलब्ध सभी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा फतेहाबाद में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला के भट्टू रोड स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज व जिला महासचिव परम अरोड़ा ने की वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मपाल चावला को उनके जन्मदिवस पर भी बधाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब दयाल वधवा ने कहा कि अरोड़ा खत्री पंजाबी समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। उन्होंने 'सूर्यवंशी' शब्द की व्याख्या करते हुए कहा, हम सभी अरोड़ा खत्री पंजाबी सूर्यवंशी भगवान श्री राम के वंशज हैं और हमें अपनी इस विरासत पर गर्व होना चाहिए। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी ओमप्रकाश चुघ ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन ने सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूरे कर लिए हैं और अब यह 7वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अध्यक्षता में लगी अदालत

केंद्रीय जेल में लगी लोक अदालत में एक बंदी को किया सजामुक्त

- जेल में हर माह लग रही लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय जेल 2, हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में लंबित चार मामले रखे गए जिसमें एक बंदी को सजा मुक्त कर दिया गया। सीजेएम गायत्री ने बताया कि जेल लोक अदालत हर महीने लगाई जाती है जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। जेल लोक अदालत का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों को न्याय दिलाने में तेजी लाना और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों के मामलों में कानूनी राहत प्रदान करना है। फतेहाबाद जिले में अपनी जेल नहीं है इसलिए केंद्रीय जेल हिसार 2 फतेहाबाद व हिसार दोनों जिलों के लिए सुधारात्मक सुविधा के रूप में कार्य करती है। सीजेएम गायत्री ने बताया कि जेल लोक अदालत छोटे अपराधों और समझौता योग्य आपराधिक मामलों से संबंधित मामलों को सुलझाने के लिए एक प्रभावी न्यायिक मंच के रूप में कार्य करती है।

फतेहाबाद। केंद्रीय जेल 2, हिसार में आयोजित जेल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करती सीजेएम गायत्री। फोटो : हरिभूमि

कैदियों के पुनर्वास में भी मदद

सीजेएम ने कहा कि जेल लोक अदालत कानूनी सहायता को बढ़ावा देने, समय पर न्याय सुनिश्चित करने और न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि यह पहल रिहा किए गए कैदियों के पुनर्वास और समाज में उन्हें फिर से शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

डिजिटल अरेस्ट कर 13 लाख ठगने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। इससे पहले इसी मामले में तीन आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। गुरूवार को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता लेखराज पुत्र राम चन्द निवासी ओल्ड पीएनबी वाली गली, भूना ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को मुंबई साइबर सेल का अधिकारी बताकर उसे डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया तथा आरबीआई व ईडी द्वारा खाते की जांच का बहाना बनाकर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा करवाने के लिए कहा। डर के कारण शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में कुल 13 लाख 5 हजार की राशि ट्रांसफर कर दी। इस पर पुलिस ने 17 नवंबर 2025 को धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण व बैंक ट्रांजैक्शन के आधार पर आरोपी की पहचान सुशील शर्मा के रूप में हुई।

हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर को दबोचा

फतेहाबाद। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भट्टू कलां पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू उर्फ डेरू पुत्र राजकुमार, निवासी ढाका बस्ती, प्रताप नगर, भट्टू मंडी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 2 मार्च पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रताप नगर निवासी मोहित उर्फ तिवारी हेरोइन बेचने का काम करता है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर लिया।

सांसद बराला ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने वीरवार को अपने आवास पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शहरों से आए परिवारजनों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने उनसे भेंट कर अपनी व्यक्तिगत व क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया।

सांसद ने सभी की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जनता से सीधा संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहता है कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार की समस्या का त्वरित समाधान हो और आमजन को सरकार की योजनाओं व सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की सेवा करना उनका कर्तव्य है और वे इसी भावना के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

टोहाना। लोगों की शिकायतें सुनते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

तेजी से हो रहा विकास

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, लोगों की समस्याओं के समाधान और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देना उनका संकल्प है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और सभी शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

फतेहाबाद। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय व उपमंडल सत्र पर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई कर उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाएं। एसडीएम राजेश कुमार वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को कहा कि तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करें। समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए।

नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। एक नाबालिग लडक़ी के अपहरण कर गलत काम करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दिलप्रीत उर्फ दीपू निवासी तरनतारन हाल निवासी जाखन दादी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि नवंबर 2025 में रतिया शहर की एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से ट्यूशन के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी जब लडक़ी का पता नहीं चला, तो पुलिस को सूचित किया गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर रतिया में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।